प्रेस नोट

दिनाँक- 21.06.2025

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में भव्य योग कार्यक्रम सम्पन्न।

आज दिनांक 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमान डॉ० शन्मुगा सुंदरम, एम०के० प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय सदर विधायक डॉ० मनोज प्रजापति, श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर तथा पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर योगाचार्य द्वारा उपस्थित अधिकारियों, पुलिस कर्मियों एवं आमजन को योगाभ्यास कराया गया तथा सभी से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व एवं लाभों के विषय में विस्तार से बताया गया तथा योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ और निरोग रहने का संदेश दिया गया। योग के अभ्यास से जीवन में संतुलन, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है, इस भाव के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।